( कायदा – 129 )

## जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

2024/201

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 111-128 प्रार्थना पत्र | 127/24 | 9/5/24 | 30/5/24 निर्णीत | 23/5/24 |

अनवान

श्री सेवा पु० चन्दा भील नि. मानगढ़ श्री प्रभुलाल पु० रामनाथ धरोगा

निवासी मानगढ़ निवासी गोविन्दपुरा

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी /अपीलान्ट अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी / रेस्पोडेंट

डिक्रीदार मदयून

श्री पंकज कुमार धाकड़ श्री ..........

# FORM NO. III

## फर्द अहकम

(नियम 26)

न्याय अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

सेवा बनाम प्रभुलाल

किस्म मुकदमा 111-128 नम्बर 127 / 2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 9/05/2024 | प्रार्थना पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हों। पत्रावली वास्ते तलबी / जवाब दिनांक 23/05/2024 को पेश हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां | |
| 23/5/24 | पत्रावली पेश हुई अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण बाद सूचना अनुपस्थित। पत्रावली में एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली वास्ते आदेश आगामी दिनांक 30/5/24 को पेश हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |
| 30/5/24 | पत्रावली पेश हुई अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में आदेश पारित किए गए, एवं तहसीलदार बिजौलिया को तहरीर जारी की गई। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :- 127/24 तारीख दायर 9/5/24

सेवा पिता चन्दा जाति भील उम्र वयस्क निवासी मानगढ तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0

............प्रार्थी

बनाम्

1. प्रभुलाल पिता रामनाथ जाति दरोगा उम्र वयस्क निवासी गोविन्दपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0
2. ओमप्रकाश पिता जगदीश जाति दरोगा उम्र वयस्क निवासी गोविन्दपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0
3. उदा पिता देवी जाति भील उम्र वयस्क निवासी मानगढ तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0
4. रोहित पिता सुगनलाल जाति भील उम्र वयस्क निवासी छतरीखेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0
5. श्रवण पिता नारायण जाति भील उम्र वयस्क निवासी मानगढ तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0

..........विपक्षीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट**

## –: आदेश :–

दिनांक 30/05/24

प्रार्थना पत्र सेवा भील ने जरिये अभिभाषक श्री **पंकज धाकड एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि मौजा ग्राम मानगढ प0ह0 बिजौलिया खुर्द तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 80 पर अंकित आराजी संख्या 209/26 रकबा 0.8984 हे0, खाता संख्या 81 पर अंकित आराजी संख्या 26 रकबा 1.2464 हे0 भूमि** स्थित है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2076–2079 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात की खातेदारी काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **बिजौलिया खूर्द** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। पत्थरगढी कमिश्नर फीस ~~500~~ [illegible] /– रूपये तय किये जाते हैं। प्रार्थी वक्त पत्थरगढी फीस अदा करेगा।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर मौजा ग्राम मानगढ प0ह0 बिजौलिया खूर्द तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 80 पर अंकित आराजी संख्या 209/26 रकबा 0.8984 हे0, खाता संख्या 81 पर अंकित आराजी संख्या 26 रकबा 1.2464 हे0 भूमि** की बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)

# यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या 127/24

प्रेषिति :–तहसीलदार बिजौलियाँ

तारीख दायर 9/5/24

विषय :– प्रकरण संख्या 127/24 पत्थरगढ़ी बाबत्।

**सेवा पिता चन्दा जाति भील उम्र वयस्क निवासी मानगढ तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0**

............**प्रार्थी**

**बनाम्**

1. **प्रभुलाल पिता रामनाथ जाति दरोगा उम्र वयस्क निवासी** गोविन्दपुरा **तहसील** बिजौलियां **जिला भीलवाडा राज0**
2. ओमप्रकाश **पिता जगदीश जाति दरोगा उम्र वयस्क निवासी** गोविन्दपुरा **तहसील** बिजौलियां **जिला भीलवाडा राज0**
3. **उदा पिता देवी जाति भील उम्र वयस्क निवासी मानगढ तहसील** बिजौलियां **जिला भीलवाडा राज0**
4. **रोहित पिता** सुगनलाल **जाति भील उम्र वयस्क निवासी छतरीखेडा तहसील** बिजौलियां **जिला भीलवाडा राज0**
5. **श्रवण पिता नारायण जाति भील उम्र वयस्क निवासी मानगढ तहसील** बिजौलियां **जिला भीलवाडा राज0**

..........**विपक्षीगण**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मे आदेश होकर लेख है मौजा ग्राम मानगढ प0ह0 बिजौलिया खूर्द तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 80 पर अंकित आराजी संख्या 209/26 रकबा 0.8984 हे0, खाता संख्या 81 पर अंकित आराजी संख्या 26 रकबा 1.2464 हे0 भूमि** की बशमलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक बिजौलिया ~~खूर्द~~ (Spl.) कलां को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमिश्नर फीस 500/–रूपये वक्त पत्थरगढी प्रार्थी अदा करेगा। पत्थरगडी करने से पहले विपक्षीगणों एवं पडौसियान को सूचित करते हुये पत्थरगडी करें।

पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

(मोहर: कार्यालय उप खण्ड अधिकारी ... बिजौलियाँ)

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ

(मोहर: उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा)